अमर उजाला

# बीएलओ, फील्ड स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**देहरादून।** देहरादून में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जुटे बूथ लेवल अधिकारी के साथ हुई अभद्रता पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अगर किसी बीएलओ के साथ असामाजिक तत्व अभद्रता करते हैं तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.पुरुषोत्तम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है। ऐसे में बूथ लेवल ऑफिसर कठिन परिश्रम के साथ इस कार्य को कर रहे हैं। बीएलओ के साथ असामाजिक तत्वों के अभद्रता जैसे मामले फील्ड स्टाफ का मनोबल गिराने का काम करते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि सभी नागरिक, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तैनात बीएलओ और फील्ड स्टाफ का सहयोग करें। ब्यूरो



AnyScanner
AnyScanner

दैनिक जागरण

# बीएलओ से अभद्रता करने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई : पुरुषोत्तम

राज्य ब्यूरो, जागरण ● देहरादूनः विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ अभद्रता की घटनाओं को राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने गंभीरता से लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा बीवीआरसी. पुरुषोत्तम ने सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि चुनावी कार्य में लगे किसी भी बीएलओ या फील्ड स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाए।



देहरादून में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान एक बूथ लेवल अधिकारी के साथ हुई अभद्रता की घटना के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है, जिसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन और गणना फार्म वितरण का कार्य कर रहे हैं। डा पुरुषोत्तम ने कहा कि बीएलओ और अन्य फील्ड कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में मेहनत और जिम्मेदारी के साथ निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण कार्य को संपादित कर रहे हैं। ऐसे में उनके साथ अभद्रता या दुर्व्यवहार की घटनाएं न केवल उनके मनोबल को प्रभावित करती हैं, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में भी बाधा उत्पन्न करती हैं।



AnyScanner

AnyScanner

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन प्रथम तल, सचिवालय परिसर देहरादून 248001

हिन्दुस्तान

# दून में बीएलओ से अभद्रता मामले में कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून।** देहरादून में एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारी के साथ हुई अभद्रता पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी बीएलओ के साथ अभद्रता का मामला सामने आता है तो कड़ा एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। बूथ लेवल ऑफिसर कठिन परिश्रम के साथ यह काम कर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से फील्ड स्टाफ का मनोबल गिरता है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि सभी लोग एसआईआर में तैनात बीएलओ और फील कर्मचारियों को सहयोग करें।



AnyScanner
AnyScanner

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन प्रथम तल, सचिवालय परिसर देहरादून 248001

शाह टाइम्स

# बीएलओ और फील्ड स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सीईओ

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा -फील्ड स्टाफ से अभद्रता करने वाले असमाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करें जिलाधिकारी**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जनपद देहरादून में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जुटे बूथ लेवल अधिकारी के साथ हुई अभद्रता पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सख्त रूख अपनाया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अगर किसी बीएलओ के साथ असमा. जिक तत्वों द्वारा अभद्रता जैसे मामले सामने आते हैं तो उसपर कड़ा एक्शन लिया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है। ऐसे में बूथ लेवल ऑफिसर कठिन परिश्रम के साथ इस कार्य को कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता जैसे मामले फील्ड स्टाफ के मनोबल को गिराने का कार्य करते है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि सभी नागरिक, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तैनात बीएलओ और फील्ड स्टाफ का सहयोग करें।





AnyScanner
AnyScanner

उत्तर उजाला

# बीएलओ से अभद्रता पर होगी सख्त कार्रवाई

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** जनपद देहरादून में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जुटे बूथ लेवल अधिकारी के साथ हुई अभद्रता पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सख्त रूख अपनाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अगर किसी बीएलओ के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता जैसे मामले सामने आते हैं तो उसपर कड़ा एक्शन लिया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है। ऐसे में बूथ लेवल ऑफिसर कठिन परिश्रम के साथ इस कार्य को कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता जैसे मामले फ़ील्ड स्टाफ के मनोबल को गिराने का कार्य करते है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि सभी नागरिक, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तैनात बीएलओ और फील्ड स्टाफ का सहयोग करें।



AnyScanner
AnyScanner

हिन्दुस्तान

# एसआईआर के बीच वोटरों की मदद करेंगे भाजपाई

**देहरादून।** एसआईआर के बीच भाजपाई अब वोटरों की मदद करेंगे। मंगलवार को गोविंदगढ़ में पार्टी कार्यकर्ताओं को 2003 की मतदाता सूची बांटी गई, ताकि आमजन को अपना नाम खोजने में सुविधा मिल सके। मंगलवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के गोविंदगढ़ में भाजपा निकाय प्रकोष्ठ के संयोजक सचिन गुप्ता ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। विधायक सविता कपूर भी पहुंचीं।



AnyScanner

AnyScanner

दैनिक जागरण

# मतदाता सूची की शुद्धता में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**देहरादून :** निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर अपनी सक्रियता को बढ़ा दिया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट, डाकरा, विजय कालोनी, सालावाला, किशन नगर, आर्यनगर और कैनाल रोड वार्ड के अंतर्गत आने वाले शक्ति केंद्रों और बूथों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। जोशी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित होना आवश्यक है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं से संपर्क करना होगा। नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण और सत्यापन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन और शत-प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का आधार है। बैठक में एसआइआर के विधानसभा प्रभारी श्याम अग्रवाल, गोरखा कल्याण परिषद की अध्यक्ष ज्योति कोटिया आदि मौजूद रहे।(जासं)



AnyScanner
AnyScanner

नवोदय टाइम्स

# एसआईआर अभियान को पारदर्शी ढंग से पूरा करें: डीएम

पौड़ी, 23 जून (नवोदय टाइम्स): भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद पौड़ी गढ़वाल में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए सभी संबंधित अफसरों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान के सफल संचालन में सहयोग की अपेक्षा की। कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सही एवं अद्यतन रूप में दर्ज होना आवश्यक है, जिसके लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके सुझाव एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की सफलता में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



AnyScanner
AnyScanner

अमर उजाला

# एसआईआर का डिजिटाइजेशन कम होने पर नाराजगी

## संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी दुम्का ने कार्मिकों को दी कार्रवाई की चेतावनी

माई सिटी रिपोर्टर

**हल्द्वानी।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम मात्र 48.5 प्रतिशत हुआ है। इस पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र दुम्का ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्यों में लेटलतीफी करने और कार्य को संतोषजनक तरीके से न करने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

दुम्का मंगलवार को यहां नगर निगम सभागार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के संबंध में जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/उपजिलाधिकारियों के साथ भौतिक एवं वर्चुअल बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा गणना प्रपत्र वितरण के कार्य का नियमित स्थलीय निरीक्षण किया जाए और हर दिन की प्रगति रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एईआरओ प्रातः सात बजे फील्ड में जाएं और चैक करें कि बीएलओ फील्ड में है या नहीं।

एडीएम विवेक राय ने कहा कि जिन बूथों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) का प्रतिशत कम है उन बूथों की तकनीकी समस्याओं तथा बूथों में आ रही समस्याओं का समाधान किया गया है। वहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी परितोष वर्मा, एपी बाजपेयी, मोनिका, नवाजिश खलिक, गोपाल सिंह चौहान, अनुराग आर्य आदि थे।



AnyScanner